www.prepp.in

1. मिशन "दिव्यास्त्र" निम्नलिखित में से किससे संबंधित है ?
(a) एम.आई.आर.वी. तकनीक से
(b) पृथ्वी मिसाइल प्रणाली से
(c) माउंटेड गन प्रणाली से
(d) टोही वाहन से

2. फरवरी 2024 में कौन सा बैंक समाचारों में था जिसने अपना प्रथम सतत/स्थाई वित्त बांड इश्यू जारी करके 300 मिलियन डॉलर जुटाए ?
(a) एच.डी.एफ.सी.
(b) साउथ इंडियन बैंक
(c) एक्सिस बैंक
(d) येस बैंक

3. उर्दू कवि गुलज़ार के अलावा, 58वें ज्ञानपीठ पुरस्कार के अन्य प्राप्तकर्ता कौन हैं ?
(a) दामोदर मौज़ो
(b) कृष्णा सोबती
(c) जगद्गुरु रामभद्राचार्य
(d) मनोज मुंतशिर

4. भारत सरकार ने ओ–स्मार्ट योजना को 2026 तक आगे बढ़ा दिया है जिसका उद्देश्य है
(a) आउटर स्पेस (अंतरिक्ष) विकास कार्य
(b) ऑप्टिकल फाइबर उत्पादन आर एंड डी
(c) स्मार्ट शहरों में ऑक्सीजन प्लांट
(d) महासागर (ओशन) विकास कार्य

5. ज्योति अत्रे से पहले माऊंट एवरेस्ट पर चढ़ने वाली सबसे उम्रदराज भारतीय महिला का रिकॉर्ड किसके नाम था ?
(a) पियाली बसाक
(b) संगीता बहल
(c) शेफाली सिंह
(d) कामिया

6. किस शहर में 37वें राष्ट्रीय खेलों का उद्घाटन अक्टूबर 2023 में हुआ था ?
(a) रांची, झारखंड
(b) इंदौर, मध्य प्रदेश
(c) बाम्बोलिम, गोवा
(d) गुवाहाटी, असम

7. 19वें एशियन गेम्स हांगझोऊ 2023 में भारत को कुल कितने स्वर्ण पदक प्राप्त हुए थे ?
(a) 28
(b) 38
(c) 26
(d) 36

8. फरवरी 2024 में यूनाइटेड किंगडम के किंग चार्ल्स III से मानद नाइटहुड प्राप्त करने वाले पहले भारतीय नागरिक कौन हैं ?
(a) आनंद महिंद्रा
(b) सुनील भारती मित्तल
(c) रतन टाटा
(d) मुकेश अंबानी

9. निम्न में से कौन सी फिल्म 96वें अकैडमी अवार्ड में सर्वश्रेष्ठ एनिमेटड फीचर फिल्म के ख़िताब की विजेता थी ?
(a) द बॉय एंड द हेरोन
(b) इलिमेन्टल
(c) रोबोट ड्रीमज़
(d) वॉर इज़ ओवर

10. डेनियल काहनेमन, जिनका मार्च 2024 में निधन हुआ था, को 2002 में नोबेल पुरस्कार किस विषय में दिया गया ?
(a) साहित्य
(b) समाजशास्त्र
(c) मनोविज्ञान
(d) अर्थशास्त्र

11. राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव, 2024 में प्रथम पुरस्कार किसने जीता है ?
(a) अंशिका सिंह
(b) यतिन भास्कर दुग्गल
(c) राधिका गोयल
(d) कनिष्का शर्मा

12. 'प्रवासी भारतीय दिवस' (पी.बी.डी.) या एन.आर.आई. दिवस भारत में हर वर्ष किस तिथि को मनाया जाता है ?
(a) 19 जनवरी
(b) 9 जनवरी
(c) 11 जनवरी
(d) 12 जनवरी

13. मार्च 2024 में किसने सीमा सुरक्षा बल की पहली महिला निशानेबाज़ के रूप में इतिहास में अपना नाम दर्ज करवाया ?
(a) अनुपमा सिंह
(b) सपना सिंह
(c) सुमन कुमारी
(d) वसुधा गुप्ता

14. अंतर्राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा सूचकांक 2024 में भारत का स्थान क्या है ?
(a) 40वाँ
(b) 43वाँ
(c) 45वाँ
(d) 42वाँ

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

15. बे ऑफ बंगाल इनिशिएटिव फॉर मल्टी सेक्टोरल टेक्निकल एंड इक्नोमिक कॉपरेशन (बिमस्टेक) का स्थायी सचिवालय कहाँ स्थित है ?
(a) नई दिल्ली (b) कोलंबो (c) ढाका (d) काठमांडू

16. निम्नलिखित में से किस पुस्तक ने अंतर्राष्ट्रीय बुकर पुरस्कार 2024 जीता है ?
(a) टाइम शेलटर (b) कैरोस (c) वेस्टर्न लेन (d) ट्रस्ट

17. मार्च 2024 में किस कंपनी ने शैक्षिक प्लेटफार्म 'उडेसिटी' को अधिगृहीत किया है ?
(a) आई.बी.एम. ने (b) एपल ने (c) एक्सेंचर ने (d) इन्फोसिस ने

18. तीलु रौतेली राज्य पुरस्कार 2023 से सम्मानित निवेदिता कार्की का संबंध निम्न में से किस खेल से है ?
(a) दौड़ (b) कला एवं योग (c) पर्वतारोहण (d) मुक्केबाज़ी

19. भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा आम चुनाव–2024 के लिए घोषित सात चरणों में से किस चरण में उत्तराखण्ड में चुनाव सम्पन्न हुए ?
(a) प्रथम (b) द्वितीय (c) चतुर्थ (d) सप्तम

20. उत्तराखण्ड का निम्नलिखित में से कौन सा नृत्य/उत्सव यूनेस्को की अमूर्त विरासत सूची में शामिल है ?
(a) रम्माण (b) चांचरी (c) छोलिया (d) झुमैलो

21. उत्तराखण्ड की पहली महिला मुख्य सचिव किसे नियुक्त किया गया है ?
(a) मनीषा पंवार (b) राधा रतूड़ी (c) राधिका झा (d) दिव्या मित्तल

22. 'पूर्णागिरि' नामक हिन्दू धर्मतीर्थ उत्तराखण्ड के निम्न में से किस जिले में है ?
(a) अल्मोड़ा (b) पिथौरागढ़ (c) चम्पावत (d) रुद्रप्रयाग

23. निम्न में से किसका मुख्यालय उत्तराखण्ड की राजधानी देहरादून में अवस्थित है ?
(a) भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण
(b) भारतीय सर्वेक्षण विभाग
(c) भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण
(d) भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण

24. मानसखंड कॉरिडोर यात्रा के लिए किस रेलवे स्टेशन से ट्रेन शुरू करने का प्रस्ताव था ?
(a) कोलकाता (b) चेन्नई (c) पुणे (d) पुरी

25. उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय की प्रथम महिला मुख्य न्यायाधीश के रूप में किन्हें नियुक्त किया गया है ?
(a) जस्टिस भानुमति (b) जस्टिस रितु बाहरी (c) जस्टिस इंदु मल्होत्रा (d) जस्टिस बेला त्रिवेदी

26. अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने लॉस एंजिल्स ओलंपिक गेम्स 2028 में निम्न में से किन नए खेलों का प्रस्ताव स्वीकृत किया है ?
(a) टी-20 क्रिकेट, बेसबॉल, फ्लैग फुटबॉल, स्क्वैश
(b) टी-20 क्रिकेट, फैंसिंग, बेसबॉल, रग्बी
(c) टी-20 क्रिकेट, स्क्वैश, फैंसिंग, पोलो
(d) टी-20 क्रिकेट, फैंसिंग, कबड्डी, स्केटिंग

27. अंतरिक्ष यात्री ओलेग कोनोनेंको जिसने सबसे अधिक कुल समय अंतरिक्ष में बिताने का विश्व रिकॉर्ड तोड़ा है, किस देश से संबंध रखते हैं ?
(a) यूक्रेन से (b) जापान से (c) यू.एस.ए. से (d) रूस से

28. 2023 में यूनेस्को की 'रचनात्मक शहर नेटवर्क' (यू.सी.सी.एन.) सूची में किस भारतीय शहर को 'साहित्य का शहर' के रूप में शामिल किया गया है ?
(a) पुणे (b) ग्वालियर (c) कोज़ीकोड (d) जयपुर

29. सेना में "आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का दायित्वपूर्ण उपयोग" पर पहला अंतर्राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन किस देश में सम्पन्न हुआ था ?
(a) फ्रांस (b) जर्मनी (c) इंग्लैण्ड (d) नीदरलैण्ड

Prepp
Your Personal Exams Guide

30. 'मिलिन्द पण्ह' महाराज मिलिंद के प्रश्नों पर आधारित है। यह किस भाषा में लिखा गया है ?
(a) संस्कृत (b) हिन्दी (c) पालि (d) अरबी

31. शाहजहाँ ने अपने किस पुत्र को 'शाह इक़बाल' की उपाधि से नवाज़ा ?
(a) दारा शिकोह (b) शुजा (c) औरंगज़ेब (d) मुराद

32. नीचे दिए गये बाबर के युद्धों को कालक्रमानुसार व्यवस्थित करें :
I. घाघरा का युद्ध II. पानीपत का प्रथम युद्ध III. चंदेरी का युद्ध IV. खानवा का युद्ध
(a) IV, II, I, III (b) II, IV, III, I (c) III, I, II, IV (d) I, IV, III, II

33. जियाउद्दीन बरनी ने निम्नलिखित में से किसकी रचना की ?
(a) तारीख-ए-मुबारक शाही
(b) फतावा-ए-जहाँदारी
(c) जैन-उल-अखबार
(d) तारीख-ए-मुहम्मदी

34. अकबर ने किस क्षेत्र की विजय को यादगार बनाने के लिए 'बुलन्द दरवाजा' का निर्माण किया ?
(a) सिंध (b) मुलतान (c) उड़ीसा (d) गुजरात

35. 1336 ई. में विजयनगर साम्राज्य की स्थापना किसने की थी ?
(a) रामराय (b) कृष्णदेव राय (c) हरिहर तथा बुक्का (d) अच्युत राय

36. भारत में अंग्रेजी शिक्षा व्यवस्था का "मैग्ना कार्टा" किसे कहा जाता है ?
(a) मैकाले का स्मरणपत्र, 2 फरवरी, 1835
(b) शिक्षा पर वुड्स डिसपैच, 1854
(c) हन्टर शिक्षा आयोग, 1882-83
(d) हार्टोग समिति, 1929

37. 'अलीगढ़ आंदोलन' का शुरुआती लक्ष्य क्या था ?
(a) परम्परागत मुस्लिम शिक्षा में सुधार को प्रश्रय देना।
(b) भारत में धार्मिक आधार मुस्लिम राज्य की स्थापना करना।
(c) पश्चिमी वैज्ञानिक शिक्षा को भारत के मुस्लिमों के बीच प्रश्रय देना।
(d) अंग्रेजों के खिलाफ हिंदू-मुस्लिम एकता को बढ़ावा देना।

38. बनारस का सेंट्रल हिन्दू स्कूल जो बाद में बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय के रूप में विकसित हुआ, उसकी स्थापना किसने की ?
(a) मैडम कामा (b) सरोजिनी नायडू (c) एनी बेसैन्ट (d) सुचेता कृपलानी

39. राजा राममोहन राय के विचारों को प्रचारित करने के लिए 1839 में 'तत्वबोधिनी सभा' की स्थापना किसने की ?
(a) ईश्वरचंद्र विद्यासागर
(b) दयानन्द सरस्वती
(c) देवेन्द्रनाथ टैगोर
(d) बालशास्त्री जामबेकर

40. 1858-1859 में लिखित नाटक 'नील दर्पण' नील उत्पादकों की व्यथा उजागर करता है। यह किसने लिखा है ?
(a) रवीन्द्रनाथ टैगोर (b) दीनबन्धु मित्र (c) बंकिमचंद्र चटर्जी (d) अक्षय कुमार दत्त

41. बंगाल का विभाजन 1905 में लॉर्ड कर्जन द्वारा किया गया। किस वर्ष यह विभाजन रद्द किया गया ?
(a) 1905 (b) 1909 (c) 1910 (d) 1911

42. किसने कहा था कि ब्राह्मण और श्रमण दार्शनिकों के दो प्रकार थे ?
(a) कौटिल्य (b) मेगस्थनीज़ (c) उपगुप्त (d) इनमें से कोई नहीं

43. सुदर्शन झील का निर्माण किसने किया ?
(a) चंद्रगुप्त मौर्य (b) समुद्रगुप्त (c) चंद्रगुप्त विक्रमादित्य (d) बिम्बिसार

44. आजीवक सम्प्रदाय की स्थापना किसने की ?
(a) मक्खलि गोशाल (b) वासुबंधु (c) उपगुप्त (d) दिग्नाग

45. विक्रमशिला विश्वविद्यालय की स्थापना किसने की थी ?
(a) कुमारिल भट्ट (b) माध्वाचार्य (c) धर्मपाल (d) पुलकेशिन द्वितीय

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

46. किस मुगल बादशाह ने गंगा नदी के उद्‌गम स्थल को ढूंढ़ने हेतु गढ़वाल में सर्वेक्षण दल भेजा था ?
(a) अकबर (b) जहाँगीर (c) शाहजहाँ (d) औरंगज़ेब

47. निम्न में से कौन गढ़वाल का राजकुमार मुगल दरबार में मनसबदार नियुक्त किया गया था ?
(a) मेदिनी शाह (b) फतेहपति शाह (c) उपेन्द्र शाह (d) राम शाह

48. 'कुमाऊँ वाटर रूल्स' (कुमाऊँ जल संबंधी कानून) किस वर्ष लागू किये गए ?
(a) 1874 (b) 1917 (c) 1940 (d) 1947

49. टिहरी रियासत में किस डिप्टी कमिश्नर के अधीन ठाकुर जोधसिंह नेगी बन्दोबस्त अधिकारी के रूप में नियुक्त किये गये थे ?
(a) ले. कर्नल यंग (b) एच.वी. हियरसे (c) विण्डहम (d) कैप्टेन हेडर

50. गढ़वाल के इतिहास में किस परमार शासक को 'गर्व-भंजन' के रूप में जाना जाता है ?
(a) श्याम शाह (b) मान शाह (c) महिपति शाह (d) पृथ्वीपति शाह

51. निम्न में से कौन सा राजवंश तालेश्वर ताम्रशासनों से संबंधित है ?
(a) नाग वंश (b) पौरव वंश (c) कत्यूरी वंश (d) यदु वंश

52. 'बाड़ाहाट शक्ति स्तंभ' अभिलेख निम्न में से किससे संबंधित है ?
(a) गुह (b) सर्ववर्मन (c) सेनवर्मन (d) चक्रेश्वर

53. उत्तराखण्ड में 'चौमू देवता' की पूजा की जाती है
(a) वनों की सुरक्षा हेतु
(b) दुधारू मवेशियों की सुरक्षा हेतु
(c) फसलों की सुरक्षा हेतु
(d) बीमारियों से सुरक्षा हेतु

54. निम्न में से किन दो राज्यों के मध्य 'तामाढौंड' का युद्ध लड़ा गया ?
(a) गढ़वाल और सिरमौर
(b) कुमाऊँ और गढ़वाल
(c) तिब्बत और गढ़वाल
(d) तिब्बत और कुमाऊँ

55. सन् 1917 में अल्मोड़ा में आयोजित 'कुमाऊँ परिषद' के प्रथम अधिवेशन की अध्यक्षता किसने की थी ?
(a) हरगोविन्द पन्त (b) जयदत्त जोशी (c) बद्रीदत्त पाण्डे (d) गोविन्द बल्लभ पन्त

56. 'समता' समाचार-पत्र के संस्थापक कौन थे ?
(a) हरिप्रसाद टम्टा (b) श्रीकृष्ण टम्टा (c) रामप्रसाद टम्टा (d) जयानंद भारती

57. निम्नलिखित सागरों में से किसमें लवणता सबसे अधिक है ?
(a) लाल सागर (b) उत्तरी सागर (c) अरब सागर (d) भूमध्य सागर

58. "खुदायी खिदमतगार" (खुदा के बन्दे) को इनके द्वारा स्थापित किया गया
(a) शौकत अली
(b) खान अब्दुल गफ़्फ़ार खान
(c) एम.ए. जिन्नाह
(d) एम.ए. अंसारी

59. निम्नलिखित में से किस देश में आजाद हिंद फौज का गठन हुआ था ?
(a) भारत (b) सिंगापुर (c) जापान (d) जर्मनी

60. निम्नलिखित में से कौन सही सुमेलित है ?

| | शैलाश्रय चित्र स्थल | | जनपद |
|---|---|---|---|
| (a) | कालामाटी | – | चम्पावत |
| (b) | किमनीग्राम | – | उत्तरकाशी |
| (c) | फडकानौली | – | चमोली |
| (d) | मल्ला पैनाली | – | अल्मोड़ा |

61. उत्तराखण्ड में 'चित्रेश्वर' प्रकार के सिक्के किसने निर्गत किए ?
(a) कत्यूरी (b) कुणिन्द (c) चन्द (d) परमार

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

62. एपिरोजेनिक बल परिणाम है
(a) पृथ्वी की क्षैतिज हलचल का
(b) पृथ्वी की लम्बवत् हलचल का
(c) बृहत् संचलन का
(d) विस्थापन का

63. सहारा मरुस्थल में उत्तर-पूर्व व पूर्व से पश्चिम की ओर बहने वाली शुष्क पवनों को जाना जाता है
(a) बोरा (b) सिरोक्को (c) हरमैटन (d) मिस्ट्रल

64. 'लटकती घाटी' स्थलाकृति निम्न में से किस भू-आकृतिक प्रक्रिया से संबंधित है ?
(a) वायु (b) हिमानी (c) समुद्री तरंगें (d) बहता जल

65. भारत में उष्णकटिबन्धीय शुष्क पर्णपाती वन के संदर्भ में निम्न कथनों पर विचार कीजिए :
(1) यह उन क्षेत्रों में पाए जाते हैं, जहाँ वर्षा 25 से 75 सेमी के मध्य है ।
(2) ये हिमालय की तलहटी से निकलने वाली एक अनियमित चौड़ी पट्टी में पाए जाते हैं ।
नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर को चुनिए :
कूट :
(a) केवल (1) (b) केवल (2) (c) दोनों (1) और (2) (d) न तो (1) और न ही (2)

66. निम्नलिखित प्रायद्वीपीय नदियों में से किस एक की प्रवाह लम्बाई सबसे अधिक है ?
(a) गोदावरी (b) कृष्णा (c) नर्मदा (d) कावेरी

67. निम्न कथनों में से कौन सा, भारत में 'लैटेराइट मिट्टी' के सन्दर्भ में सही नहीं है ?
(a) इनमें चूना व नाइट्रोजन की कमी होती है ।
(b) यह अच्छी निर्माण सामग्री प्रदान करती है ।
(c) यह निक्षालन प्रक्रिया से प्रभावित होती है ।
(d) यह नमी पोषक व अधिक चिकनी मृदा कारक (clay factor) होती है ।

68. गंगा का मैदान व असम घाटी में सामान्यतः कौन सा अपवाह प्रतिरूप पाया जाता है, जो विस्तृत मैदान, मन्द ढाल, अधिक वर्षा व अनेक सहायक नदियों की विशेषता रखता है ?
(a) पूर्ववर्ती अपवाह प्रारूप
(b) द्रुमाकृतिक/वृक्षाकार अपवाह प्रारूप
(c) रेडियल/अरीय अपवाह प्रारूप
(d) आयताकार अपवाह प्रारूप

69. निम्न में से कौन सा एक वन समूह भारत के सर्वाधिक क्षेत्र में विस्तृत है ?
(a) उष्णकटिबंधीय आर्द्र सदाबहार
(b) उष्णकटिबंधीय शुष्क पर्णपाती
(c) उष्णकटिबंधीय नम पर्णपाती
(d) उष्णकटिबंधीय अर्द्ध-सदाबहार

70. काबिनी नदी एक सहायक नदी है
(a) कावेरी की (b) नर्मदा की (c) तापी की (d) गोदावरी की

71. जब कोरियॉलिस प्रभाव दाब प्रवणता बल द्वारा प्रतिभारित हो जाता है, तो परिणामस्वरूप उत्पन्न पवन को जाना जाता है
(a) ध्रुवीय पवनें (b) प्रचलित पवनें (c) भूस्थैतिक पवनें (d) व्यापारिक पवनें

72. मैकमोहन रेखा निम्नलिखित विकल्पों में से किसके मध्य सीमा निर्धारित करती है ?
(a) सिक्किम एवं चीन (b) अरुणाचल प्रदेश एवं चीन (c) उत्तराखण्ड एवं चीन (d) हिमाचल प्रदेश एवं चीन

73. एटॉल का आकार है
(a) आयताकार
(b) दण्डाकार
(c) घोड़े की नाल/अंगूठी के आकार
(d) त्रिभुजाकार

74. सूर्य की चमकीली बाह्य परत को जाना जाता है
(a) फोटोस्फीयर (b) आयनोस्फीयर (c) मैसोस्फीयर (d) सूर्य धब्बे

www.prepp.in

75. गढ़वाल हिमालय में अधिक ऊँचाई वाले चरागाहों में अस्थायी आवासों को किस नाम से जाना जाता है ?
(a) मैत (b) खर्क (c) खादू (d) खरसाल

76. भारत की जनगणना 2011 के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन से कथन सत्य हैं ?
(1) उत्तराखण्ड के उत्तरकाशी जिले में जनसंख्या घनत्व सबसे न्यूनतम है ।
(2) उत्तराखण्ड में रुद्रप्रयाग जिले का लिंगानुपात सर्वाधिक है ।
(3) उ.सिं. नगर में मुस्लिम आबादी का प्रतिशत सर्वाधिक है ।
(a) कथन (1), (2) एवं (3) सत्य हैं । (b) कथन (2) एवं (3) सत्य हैं ।
(c) सभी कथन गलत हैं । (d) कथन (1) सत्य है ।

77. उत्तराखण्ड के किस राष्ट्रीय पार्क को 2015 में प्रोजेक्ट टाइगर स्कीम में सम्मिलित किया गया है ?
(a) जिमकॉर्बेट राष्ट्रीय पार्क (b) राजाजी राष्ट्रीय पार्क
(c) गोविन्द राष्ट्रीय पार्क (d) गंगोत्री राष्ट्रीय पार्क

78. कुल जनसंख्या में अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या के प्रतिशत (भारत की जनगणना-2011) के अनुसार जिलों को अवरोही क्रम में सुव्यवस्थित किया गया है । सही विकल्प का चयन करें :
(a) उ.सिं. नगर, देहरादून, पिथौरागढ़, चमोली (b) देहरादून, उ.सिं. नगर, पिथौरागढ़, चमोली
(c) उ.सिं. नगर, देहरादून, चमोली, पिथौरागढ़ (d) देहरादून, चमोली, पिथौरागढ़, उ.सिं. नगर

79. दुग्गीताल उत्तराखण्ड के निम्न में से किस जनपद में स्थित है ?
(a) नैनीताल (b) चमोली (c) रुद्रप्रयाग (d) पिथौरागढ़

80. जनपदों को महिला साक्षरता दर के अनुसार आरोही क्रम में सुव्यवस्थित किया गया है । सही विकल्प का चयन करें :
(a) उत्तरकाशी, उ.सिं. नगर, चमोली, नैनीताल (b) उ.सिं. नगर, हरिद्वार, नैनीताल, उत्तरकाशी
(c) नैनीताल, चमोली, उ.सिं. नगर, उत्तरकाशी (d) उत्तरकाशी, उ.सिं. नगर, नैनीताल, चमोली

81. निम्नलिखित सरिताओं में से कौन सी गिरथी नदी की सहायक नदी है ?
(a) कियोगाड़ (b) कलसा नदी (c) बौर नदी (d) रानी धारा

82. पौधारोपण हेतु "मैती आन्दोलन" किसने प्रारम्भ किया था ?
(a) भगत सिंह रावत (b) कल्याण सिंह रावत
(c) सुन्दरलाल बहुगुणा (d) मोहन सिंह नेगी

83. दूधातोली पर्वत श्रेणी द्वारा पृथक किये गये नदी बेसिनों के सही युग्म का चुनाव करें ।
(a) भागीरथी और भिलंगना बेसिन (नदी-घाटी) (b) नयार और अगलार बेसिन (नदी-घाटी)
(c) पिण्डर और रामगंगा बेसिन (नदी-घाटी) (d) भिलंगना और मन्दाकिनी बेसिन (नदी-घाटी)

84. निम्नलिखित में से कौन सा स्थल जाड़गंगा एवं भागीरथी नदी का संगम स्थल है ?
(a) भैरोंघाटी (b) धरासू (c) चीरबासा (d) भुजबासा

85. 'उण्टाधुरा दर्रा' उत्तराखण्ड के निम्नलिखित हिमनदों में से किस एक के समीप स्थित है ?
(a) पिण्डारी हिमनद (b) मिलम हिमनद
(c) कफनी हिमनद (d) सुन्दरढुंगा हिमनद

86. निम्नलिखित में से किसको परम्परागत रूप से उत्तराखण्ड में "किसानों का सर्वोत्तम मित्र" कहा जाता है ?
(a) साल (b) टुन (c) भीमल (d) ओक (बांज)

www.prepp.in

87. लोक लेखा समिति का मुख्य कार्य क्या है ?
(a) नियंत्रक महालेखा परीक्षक (कैग) के वार्षिक प्रतिवेदनों की जाँच करना ।
(b) सरकार की दैनिक गतिविधियों में हस्तक्षेप करना ।
(c) प्रधानमंत्री को सुझाव देना ।
(d) आदेश पारित करना ।

88. निम्नलिखित में से किस शहर में 'दक्षिण-पूर्व एशियाई सहयोग संगठन' (आसियान) का मुख्यालय अवस्थित है ?
(a) जकार्ता (b) बाली (c) मनीला (d) हनोई

89. निम्न में से कौन सी सन्धि उसके लागू होने के वर्ष से मेल नहीं खाती ?
(a) परमाणु अप्रसार सन्धि – 1970
(b) सामरिक शस्त्र परिसीमन वार्ताएँ (2) समझौता – 1967
(c) आंशिक परमाणु परीक्षण प्रतिबन्ध सन्धि – 1963
(d) न्यूक्लीय मुक्त समुद्र तल सन्धि – 1972

90. निम्न में से क्या भारतीय संविधान का दर्शन नहीं है ?
(a) साम्यवादी राज्य (b) कल्याणकारी राज्य (c) समाजवादी राज्य (d) राजनीतिक समानता

91. 26 नवम्बर, 1949 को अंगीकृत भारतीय संविधान की प्रस्तावना में निम्न में से कौन से शब्द सम्मिलित नहीं थे ?
(1) गणतंत्र (2) विश्वसनीय (3) समाजवादी (4) गैर-धार्मिक
(a) (1), (2), (3) (b) (2), (3), (4) (c) (1), (2), (4) (d) (3), (4)

92. राष्ट्रपति द्वारा अध्यादेश लाए जाने की शक्ति के संदर्भ में निम्नलिखित में कौन सा कथन सही नहीं है ?
(a) यह संसद की विधायी शक्तियों से जुड़ा हुआ है ।
(b) अनुच्छेद 123 में इसका उल्लेख है ।
(c) संसद के सत्र के दोबारा शुरू होने के 6 सप्ताह बाद यह निष्प्रभावी हो जाएगा ।
(d) राष्ट्रपति द्वारा इसे कभी वापिस नहीं लिया जा सकता ।

93. नदियों एवं उन पर बनी हुई जल-विद्युत परियोजनाओं को सुमेलित करें :

| | परियोजना का नाम | | नदी |
|---|---|---|---|
| A. | कोटेश्वर | 1. | आसन |
| B. | कुल्हल | 2. | अलकनन्दा |
| C. | तपोवन विष्णुगाड़ | 3. | भागीरथी |
| D. | विष्णुप्रयाग | 4. | धौली |

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (b) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (c) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (d) | 3 | 1 | 4 | 2 |

94. वन सर्वेक्षण रिपोर्ट-2021 के अनुसार, उत्तराखंड में निम्नलिखित में से किस जनपद का वनाच्छादित क्षेत्र सर्वाधिक (जनपद के कुल भौगोलिक क्षेत्रफल का वनों के अंतर्गत प्रतिशत) है ?
(a) अल्मोड़ा (b) रुद्रप्रयाग (c) देहरादून (d) टिहरी गढ़वाल

95. भारतीय संविधान के अनुसार निम्न में से कौन राज्य का प्रमुख होता है ?
(a) प्रधानमंत्री (b) राष्ट्रपति (c) गृहमंत्री (d) उप-राष्ट्रपति

96. भारतीय संविधान का निम्न में से कौन सा भाग केन्द्र और राज्य के मध्य सम्बंधों से संबंधित है ?
(a) भाग-3 (b) भाग-4 (c) भाग-6 (d) भाग-11

www.prepp.in

97. भारत में रहने वाले ब्रिटिश नागरिक को निम्न में से कौन सा अधिकार प्राप्त नहीं है ?
(a) व्यापार एवं व्यवसाय की स्वतन्त्रता
(b) विधि के समक्ष समानता
(c) प्राण एवं दैहिक स्वतन्त्रता
(d) धार्मिक स्वतन्त्रता (विश्वास)

98. राष्ट्रपति के पास निम्न में से किन पर विनियम बनाने की शक्ति है ?
1. दादरा एवं नगर हवेली
2. दमन व दीव
3. गोवा, दमन व दीव
4. पुडुचेरी
(a) 1, 2, 3, 4 (b) 1, 2, 3 (c) 1, 3, 4 (d) 1, 2, 4

99. भारत के संविधान के निर्माताओं का मस्तिष्क निम्नलिखित में से किसमें परिलक्षित होता है ?
(a) प्रस्तावना
(b) मौलिक अधिकार
(c) राज्य के नीति निदेशक सिद्धांत
(d) मौलिक कर्त्तव्य

100. निम्नलिखित में से कौन भारत के यूनेस्को रचनात्मक शहरों में से एक नहीं है ?
(a) वाराणसी (संगीत)
(b) कोज़ीकोड (साहित्य)
(c) चेन्नई (संगीत)
(d) पुणे (साहित्य)

101. संघ लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष को निम्नलिखित में से किसके द्वारा पद से हटाया जा सकता है ?
(a) प्रधानमंत्री द्वारा (b) राष्ट्रपति द्वारा (c) महाभियोग द्वारा (d) मंत्रि–परिषद् द्वारा

102. राज्य के नीति निदेशक सिद्धांतों के बारे में निम्न में से कौन सा कथन सही नहीं है ?
(a) राज्य का यह कर्त्तव्य है कि कानून निर्माण में इन सिद्धांतों को लागू करें।
(b) यह देश के सुशासन में मौलिक हैं।
(c) यह राज्य पर एक कानूनी कर्त्तव्य लागू करते हैं।
(d) यह विधायिका और कार्यपालिका के लिए केवल निर्देश हैं।

103. निम्न में से कौन उत्तराखण्ड का प्रथम मुख्यमंत्री था ?
(a) श्री सतपाल महाराज
(b) श्री नित्यानंद स्वामी
(c) श्री नारायण दत्त तिवारी
(d) श्री भगत सिंह कोश्यारी

104. उत्तराखण्ड की पहली विधान सभा में निम्न में से महिला विधायकों की कितनी संख्या थी ?
(a) 8 (आठ) (b) 7 (सात) (c) 6 (छ:) (d) 4 (चार)

105. लोक सभा के अध्यक्ष के संबंध में निम्न में से कौन सा कथन सही नहीं है ?
(a) अध्यक्ष पद ग्रहण के समय से छः महीने के भीतर सदन का सदस्य बनना चाहिए।
(b) जब तक वह सदन का सदस्य है तब तक अध्यक्ष रहता है।
(c) अध्यक्ष लोक सभा के भंग होने पर भी अपने पद पर बना रहता है।
(d) अध्यक्ष को लोक सभा के सदस्यों द्वारा हटाया जा सकता है।

106. निम्न में से कौन अब अस्तित्व में नहीं है ?
(a) राष्ट्रीय महिला आयोग
(b) अल्पसंख्यक आयोग
(c) योजना आयोग
(d) राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग

107. निम्न में से किस लोक सभा ने अपना पाँच वर्ष का कार्यकाल पूरा नहीं किया ?
(a) आठवीं लोक सभा
(b) तेरहवीं लोक सभा
(c) दूसरी लोक सभा
(d) सोलहवीं लोक सभा

108. संविधान के निम्न में से किस अनुच्छेद के अन्तर्गत अंतर्राज्यीय परिषद की स्थापना की गई है ?
(a) अनुच्छेद 360 (b) अनुच्छेद 263 (c) अनुच्छेद 365 (d) अनुच्छेद 368

109. विदेशी मुद्रा प्रबन्धन विनिमय (FEMA) कब अस्तित्व में आया ?
(a) 1973 (b) 1980 (c) 1998 (d) 1999

110. प्रिवेंशन ऑफ मनी लांडरिंग एक्ट (PMLA) के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौन सा सही नहीं है ?
(a) इसमें काले धन के सृजन से सम्बन्धित सभी प्रमुख अपराध सम्मिलित हैं।
(b) कर चोरी एवं तस्करी मनी लांडरिंग की परिभाषा से बाहर रखे गए हैं।
(c) इस अधिनियम के दायरे में आने वाले केस गैर-जमानती होते हैं।
(d) मनी लांडरिंग डायरेक्टर को वित्तीय संस्थाओं द्वारा संधारित रिकॉर्ड मँगवाने का अधिकार नहीं है।

111. वैश्विक अर्थव्यवस्था में ब्रिक्स (BRICS) महत्त्वपूर्ण है। ब्रिक्स के सम्बन्ध में निम्नांकित में से कौन सा कथन सही नहीं है ?
(a) इसमें विश्व की जनसंख्या का 40 प्रतिशत से अधिक भाग आता है।
(b) इसमें विश्व के कुल सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 24 प्रतिशत भाग आता है।
(c) वैश्विक व्यापार का लगभग 46 प्रतिशत व्यापार इसमें सम्मिलित देशों से होता है।
(d) प्रथम ब्रिक्स बैठक 2009 में रूस में सम्पन्न हुई थी।

112. सतत् विकास रिपोर्ट 2023 के अनुसार भारत का स्थान (रैंक) क्या है ?
(a) 111वाँ (b) 112वाँ (c) 131वाँ (d) 140वाँ

113. 'प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि' (PM-KISAN) योजना प्रभाव में आई थी
(a) अप्रैल 1, 2018 से (b) फरवरी 24, 2019 से (c) दिसंबर 1, 2019 से (d) अप्रैल 1, 2019 से

114. राष्ट्रीय जनसंख्या नीति 2000 के अनुसार, स्थिर जनसंख्या की स्थिति को प्राप्त करने का दीर्घकालिक उद्देश्य है
(a) 2030 तक (b) 2035 तक (c) 2040 तक (d) 2045 तक

115. निम्नलिखित में से कौन दक्षिण एशियाई वरीयता व्यापार करार (SAPTA) का सदस्य नहीं है ?
(a) चीन (b) मालदीव (c) बांग्लादेश (d) नेपाल

116. किसी अर्थव्यवस्था में खाद्य और ऊर्जा की कीमतों सहित कुल मुद्रास्फीति का माप कहलाता है
(a) शीर्ष (हेडलाइन) मुद्रास्फीति (b) मूल (कोर) मुद्रास्फीति
(c) परिष्कृत मूल मुद्रास्फीति (d) इनमें से कोई नहीं

117. निम्न में से कौन नीति आयोग की शासी परिषद के भाग नहीं हैं ?
(a) सभी राज्यों के मुख्यमंत्री
(b) दिल्ली तथा पुडुचेरी के मुख्यमंत्री
(c) राज्यों के राज्यपाल
(d) अंडमान और निकोबार द्वीपों के लैफ्टिनेंट गवर्नर

118. निम्न में से कौन उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय में मुख्य न्यायाधीश नहीं रहे हैं ?
(a) विकास श्रीधर सिरपुरकर (b) जगदीश सिंह खेहर
(c) राघवेन्द्र सिंह चौहान (d) पंकज पुरोहित

119. उत्तराखण्ड राज्य में निम्नलिखित में से कौन सी लोक सभा सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है ?
(a) नैनीताल (b) हरिद्वार (c) अल्मोड़ा (d) पौड़ी-गढ़वाल

120. केन्द्र सरकार में उत्तराखण्ड से निम्न में से कौन वर्ष 2019 में मानव संसाधन विकास/शिक्षा मंत्री थे ?
(a) अजय टम्टा (b) बी.सी. खंडूरी
(c) के.सी. पंत (d) रमेश पोखरियाल 'निशंक'

121. राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन (NFSM) शुरू किया गया था
(a) 2007-08 में (b) 2006-07 में (c) 2008-09 में (d) 2009-10 में

www.prepp.in

Prepp Your Personal Exams Guide

122. वर्ष 2022-2023 में उत्तराखण्ड के किस जनपद का मछली उत्पादन में प्रथम स्थान रहा है ?
(a) देहरादून (b) हरिद्वार (c) उधमसिंह नगर (d) टिहरी गढ़वाल

123. उत्तराखण्ड में किस जिले में कुल भौगोलिक क्षेत्रफल का सर्वाधिक वन आवरण प्रतिशत है ?
(a) रुद्रप्रयाग (b) नैनीताल (c) चम्पावत (d) पौड़ी गढ़वाल

124. उत्तराखण्ड सरकार ने राजकोषीय उत्तरदायित्व एवं बजट प्रबन्धन अधिनियम कब पारित किया ?
(a) 2003 में (b) 2007 में (c) 2005 में (d) 2009 में

125. एन.एफ.एच.एस. (NFHS) 2019-21 सर्वेक्षण के आधार पर, उत्तराखण्ड में बहुआयामी गरीबी 2019-21 में थी :
(a) 11.30 प्रतिशत (b) 13.37 प्रतिशत (c) 12.55 प्रतिशत (d) 9.67 प्रतिशत

126. GHz शब्द कम्प्यूटर की किस विशेषता का सूचक है ?
(a) पिक्सेल की संख्या (b) रेजोलुशन (c) रफ्तार (d) भंडारण

127. निम्नलिखित में से कौन सी पाँचवीं जनरेशन की ए.आई. प्रोग्रामिंग भाषा है ?
(a) SQL (b) C++ (c) C (d) Prolog

128. 1200 से 2400 बिट प्रति सेकण्ड तक मध्यम गति संचार रेंज के लिए कौन सी मॉड्यूलेशन तकनीक को प्राथमिकता दी जाती है ?
(a) आयाम मॉड्यूलेशन (b) आवृत्ति मॉड्यूलेशन (c) चरण मॉड्यूलेशन (d) इनमें से कोई नहीं

129. 10 cm त्रिज्या की 100 कसकर लपेटे गए फेरों की किसी ऐसी कुंडली पर विचार कीजिए जिससे 1A विद्युत धारा प्रवाहित हो रही है। कुंडली के केन्द्र पर चुंबकीय क्षेत्र का परिमाण क्या होगा ?
(a) $6.28 \times 10^{-4}$ T (b) $6.28 \times 10^{-3}$ T (c) $2.68 \times 10^{-4}$ T (d) $6.82 \times 10^{-2}$ T

130. दो झिर्रियाँ एक मिलीमीटर दूर बनाई गई हैं और परदे को एक मीटर दूर रखा गया है। फ्रिंज अंतराल कितना होगा जब 500 nm तरंगदैर्ध्य का नीला-हरा प्रकाश प्रयोग में लाया जाता है ?
(a) 0.5 m (b) 0.5 mm (c) 50 mm (d) 50 m

131. एक 0.12 kg द्रव्यमान की एक गेंद जो 20 $ms^{-1}$ की चाल से चल रही है, की दे ब्रॉग्ली तरंगदैर्ध्य क्या होगी ?
(a) $6.63 \times 10^{-30}$ m (b) $6.63 \times 10^{-34}$ m (c) $2.76 \times 10^{-30}$ m (d) $2.76 \times 10^{-34}$ m

132. खाद्य पदार्थों के डिब्बों के अंदर जिंक के बजाय टिन का लेप होता है। क्योंकि
(a) टिन की अपेक्षा जिंक ज्यादा महँगा है।
(b) टिन की अपेक्षा जिंक का गलनांक अधिक है।
(c) टिन की अपेक्षा जिंक अधिक अभिक्रियाशील है।
(d) टिन की अपेक्षा जिंक कम अभिक्रियाशील है।

133. जनगणना 2011 के अनुसार, उत्तराखण्ड के किस जनपद में महिला साक्षरता दर सबसे कम थी ?
(a) हरिद्वार (b) उधमसिंह नगर (c) उत्तरकाशी (d) टिहरी गढ़वाल

134. उत्तराखण्ड का कितना प्रतिशत (लगभग) भाग मैदानी है ?
(a) 25 (b) 18 (c) 14 (d) 20

135. निम्नलिखित में से कौन सा कार्यक्रम राष्ट्रीय सम्पोषणीय कृषि मिशन (NMSA) से संबंधित नहीं है ?
(a) RAD (b) SHC (c) RKVY (d) PM-KSY

136. उत्तराखण्ड में UTDB की स्थापना ________ को प्रोत्साहन देने के लिए की गई है।
(a) तकनीक (b) पर्यटन (c) व्यापार (d) प्रशिक्षण

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

137. कौन सा संवैधानिक संशोधन अधिनियम पर्यावरण की सुरक्षा और सुधार तथा वनों और वन्यजीवों की सुरक्षा से संबंधित है ?
(a) 1972 (b) 1974 (c) 1976 (d) 1978

138. निम्नलिखित में से कौन हाइड्रोफाइट्स को आर्द्रभूमि और दलदल में पनपने में मदद करता है जहाँ समय-समय पर जलस्तर में उतार-चढ़ाव होता है ?
(a) राइज़ोमैट्स जड़ें (b) जलमग्न जड़ें (c) ऐरेनकाइमा ऊतक (d) राइज़ोफोर

139. ग्लोबल वार्मिंग में विभिन्न ग्रीन हाउस गैसों का सापेक्ष योगदान नीचे दिया गया है। गलत जोड़ी की पहचान करें।
(a) $CH_4$ – 20% (b) CFCs – 14% (c) $CO_2$ – 40% (d) $N_2O$ – 6%

140. एंटिबायोटिक शब्द किसके द्वारा गढ़ा गया ?
(a) डैवी और रत्नौफ (b) ऐडवर्ड ओ. विलसन (c) एम. पर्ल (d) सेलमैन वॉक्समैन

141. निम्नलिखित में से कौन सा पुनःसंयोजक डी.एन.ए. प्रौद्योगिकी द्वारा उत्पादित पहला मानव हॉर्मोन है ?
(a) इस्ट्रोजन (b) टैस्टोस्टेरोन (c) इंसुलिन (d) थाइरोक्सीन

142. हाइब्रिडोमा तकनीक किसके द्वारा विकसित की गई थी ?
(a) लूइस पाश्चर
(b) जॉर्ज कोहलर और सिसर मिलस्टीन
(c) ऐडवर्ड जेनर
(d) बरनेट

143. निम्नलिखित में से किसका उपयोग किडनी प्रतिरोपण के लिए प्रतिरक्षा दमनकारी के रूप में किया जाता है ?
(a) प्रतिजैविक (b) वैक्सिन (c) इंटरफेरोन (d) मोनोक्लोनल प्रतिरक्षी

144. निम्न में से कौन सा युग्म सुमेलित नहीं है ?
(a) गोविन्द वन्यजीव विहार – 1955
(b) फूलों की घाटी – 1982
(c) केदारनाथ वन्यजीव विहार – 1979
(d) अस्कोट वन्यजीव विहार – 1986

145. निम्न में से कौन सा युग्म सुमेलित नहीं है ?
(a) सोना नदी वन्यजीव विहार – पौड़ी गढ़वाल
(b) अस्कोट वन्यजीव विहार – पिथौरागढ़
(c) गोवन्द वन्यजीव विहार – चमोली गढ़वाल
(d) बिनसर वन्यजीव विहार – अल्मोड़ा

146. 2024 के लोक सभा चुनाव के दौरान 'मालोगाम' नाम के जिस पोलिंग स्टेशन पर एक ही वोटर था, वह किस राज्य में स्थित है ?
(a) हिमाचल प्रदेश (b) असम (c) अरुणाचल प्रदेश (d) मिज़ोरम

147. एक रेडियोधर्मी पदार्थ की अर्धआयु 4 महीना है; इस पदार्थ का 3/4 भाग क्षय होने में कितना समय लगेगा ?
(a) 12 महीने (b) 8 महीने (c) 4 महीने (d) 3 महीने

148. निम्न में से कौन सी एक सबसे अधिक क्रियाशील धातु है ?
(a) सोडियम (b) पोटैशियम (c) कैल्सियम (d) आयरन

149. भौगोलिक क्षेत्र जो विशेष रूप से स्थानिक, दुर्लभ और संकटग्रस्त प्रजातियों में समृद्ध हैं और अपेक्षाकृत छोटे क्षेत्रों में सीमित व निवास स्थान के नुकसान का सामना कर रहे हैं, उन्हें कहा जाता है
(a) रेड स्पॉट्स (b) ग्लो स्पॉट्स (c) हॉट स्पॉट्स (d) वेट स्पॉट्स

150. वे जीव जो 0-15 °C तापमान में सबसे अच्छी वृद्धि करते हैं, कहलाते हैं
(a) थर्मोफाइल्स (b) साइक्रोफाइल्स (c) हाइड्रोफाइल्स (d) मीजोफाइल्स